वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 09 रविवार 4 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भगवान परशुराम की शोभायात्रा और महाआरती कार्यक्रम में हुए शामिल

**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर की ओर से आयोजित भगवान परशुराम की शोभायात्रा और महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुए। शर्मा ने बड़ी चौपड़ पर आयोजित महाआरती में विधिवत पूजा-अर्चना करभगवान परशुराम जी की आरती की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। जलेब चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, छोटी चौपड़ होते हुए चौगान स्टेडियम जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में लगभग 50 से अधिक मनमोहक झांकियों के साथ एक जैसी पोशाक पहने बड़ी संख्या में महिलाएं मंगलगान करते हुए शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक कालीचरण सराफ एवं बालमुकुंदाचार्य सहित ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# जयपुर में नगर भ्रमण पर निकले भगवान परशुराम



**जयपुर. कासं।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर ने शनिवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। यात्रा जलेबी चौक से शुरू हुई। इसमें भगवान परशुराम सहित 31 आकर्षक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में शाही अंदाज में हाथी, ऊंट और घोड़े शामिल थे। 2100 महिलाएं गुलाबी साड़ी पहनकर बैंड-बाजे के साथ चल रही थीं। झांकियों में भगवान परशुराम के अलावा भगवान गणेश, नरसिंह भगवान, कृष्ण-राधा और माता दुर्गा की झांकियां प्रमुख थीं। यात्रा का मार्ग जलेबी चौक से शुरू होकर हवा महल बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट चौराहा और त्रिपोलिया गेट होते हुए छोटी चौपड़ पर समाप्त हुआ। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोभायात्रा में पहुंचकर भगवान परशुराम की आरती की। शोभायात्रा में विधायक बालमुकुंद आचार्य, कालीचरण सराफ और मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा भी मौजूद रहे।

### नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

# भारत ज्ञान परंपरा में आरम्भ से ही समृद्ध रहा है: राज्यपाल



**जयपुर. कासं**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महाराष्ट्र के जालना जिले में जन जागृति संस्थान एवं विद्या भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन से संबंधित कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप में लागू करने के लिए शिक्षक और शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही विज्ञान, कला, साहित्य और सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत अत्यधिक संपन्न रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में बख्तियार खिलजी द्वारा लगाई गई आग का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास होते रहे हैं। पर विचारों को नष्ट नहीं किया जा सकता।

**वोट बदलाव के लिये • पारदर्शिता के लिये • अस्तित्व के लिये**

# महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर

द्विवार्षिक चुनाव : 2025-27

# टीम आदर्श

## गर्वनिंग कॉन्सील सदस्य पद हेतु

| बैलेट नं. | नाम | बैलेट नं. | नाम | बैलेट नं. | नाम | बैलेट नं. | नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुण कुमार बैराठी | 2 | अशोक कुमार खण्डेलवाल | 3 | अशोक कुमार माथुर | 5 | बसंत जैन |
| 6 | कमलेश खण्डेलवाल | 7 | कृष्णपाल धीर | 12 | पीयूष जैन | 15 | प्रेम चन्द छाबड़ा |
| 16 | राकेश गोदिका जैन | 17 | रामलाल प्रजापत | 18 | रमेश चन्द गुप्ता | 20 | शान्ती लाल जैन |
| 27 | विनीत जैन | | | | | | |




**टीम आदर्श को अपना अमूल्य मत एवं समर्थन देकर विजयी बनायें**

एक Vote संस्था के नाम

: निवेदक :

बैलेट नं. 16 **राकेश गोदिका जैन**

## मानव सेवा को समर्पित प्रमुख समाजसेवी

विगत 43 वर्षों में 500 से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर
20,000 यूनिट रक्त एकत्रित करवाने में एवं
1000 नैत्र प्रत्यारोपण ऑपरेशन करवाकर मानव सेवा में सहयोग किया

**मेंने भी अब तक लगभग 75 बार रक्तदान कर मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया हैं।**



VOTE & SUPORT **टीम आदर्श**

**रविवार, दिनांक 4 मई, 2025**

समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक

**स्थान : महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन भवन**

एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर

(मतदान हेतु अपनी एक ओरिजनल फोटो आई-डी प्रूफ अवश्य लायें)

VOTE


वोट उसे दो जो हो संस्था के लिये सही
VOTE
आपका वोट कीमती है उसे व्यर्थ ना जाने दे
वोट बदलाव के लिये • पारदर्शिता के लिये • अस्तित्व के लिये
महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर
द्विवार्षिक चुनाव : 2025-27
टीम आदर्श
VOTE
गवर्निंग कॉन्सील सदस्य पद हेतु
सेवा को समर्पित टीम को अपना मत एवं समर्थन देकर विजयी बनावें
बैलेट नं. 1
अरुण कुमार बैराठी
पूर्व मुख्य सचिव खादी कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी बजाज नगर, जयपुर
बैलेट नं. 2
इंजी.अशोक कुमार खण्डेलवाल
रिटायर्ड चीफ इंजीनियर विद्युत विभाग, पूर्व सचिव : राजस्थान पावर इंजीनियर एसोसिएशन
बैलेट नं. 3
डॉ.अशोक कुमार माथुर
रिटायर्ड प्रमुख विशेषज्ञ जयपुरिया हॉस्पिटल
बैलेट नं. 5
बसंत जैन
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा पूर्व सदस्य देव स्थान विभाग ट्रस्ट राज. सरकार
आपका एक वोट संस्था की दशा और दिशा बदल सकता हैं। मतदान जरूर करें।
बैलेट नं. 6
कमलेश खण्डेलवाल
अध्यक्ष : श्री बलराम सत्संग मण्डल ट्रस्ट जयपुर महामंत्री : सिद्ध समाधी योग, जयपुर
बैलेट नं. 7
कृष्णपाल धीर
पूर्व मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक पूर्व अध्यक्ष कन्जूमर एक्शन नेटवर्क सोसायटी (केन्स)
बैलेट नं. 12
पीयूष जैन
अध्यक्ष : जैन सोश्यल ग्रुप, ग्लोरी अध्यक्ष : लायन्स क्लब जयपुर आकाशदीप
बैलेट नं. 15
ईजी. प्रेम चन्द छाबड़ा
संरक्षक : अणुव्रत समिति, जयपुर पूर्व मंत्री : महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर
एक Vote संस्था के नाम
बैलेट नं. 16
राकेश गोदिका जैन
संपादक : शाबाश इण्डिया समाचार पत्र अध्यक्ष : सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी जयपुर
बैलेट नं. 17
डॉ. रामलाल प्रजापत
जिला अध्यक्ष : सेवा भारती जयपुर पूर्व कार्य. सदस्य महावीर इन्ट. एसोसिएशन, जयपुर
बैलेट नं. 18
रमेश चन्द गुप्ता
सचिव : राधा-कृष्ण मन्दिर ट्रस्ट कार्य. सदस्य : जनता कॉलोनी विकास संस्थान
बैलेट नं. 20
डॉ. शान्ती लाल जैन
रिटा. प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर पूर्व अध्यक्ष : टैक्स कन्सलटेन्ट एसोसिएशन
बैलेट नं. 27
एडवोकेट विनीत जैन
उपाध्यक्ष : जैन सोश्यल ग्रुप, ग्लोरी पूर्व संयुक्त सचिव : जैन सोश्यल ग्रुप, पर्ल
VOTE & SUPORT टीम आदर्श
रविवार, दिनांक 4 मई, 2025
समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
स्थान : महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन भवन
एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर
(मतदान हेतु अपनी एक ओरिजनल फोटो आई-डी प्रूफ अवश्य लाये)

## वेद ज्ञान


### तनाव मुक्त रहना है तो लें योगनिद्रा

पूरी रात सोने के बावजूद जब सुबह उठकर आप थका हुआ और बोझिल महसूस करते हैं तो समझ लीजिए आप ने पूरी रात सोकर गुजार दी। इसकी वजह है कि आप नींद में स्वप्न देखते रहते हैं। क्या आपने कभी गिना है कि एक रात में आप कितनी बार करवटें बदलते हैं। कभी गर्मी लग रही है तो कभी मच्छर काट रहे हैं। कभी प्यास लग रही है तो कभी कुछ और दूसरी चीजें परेशान कर रही हैं। कभी-कभी थकान के मारे शरीर इतना अकड़ जाता है कि नींद आनी मुश्किल हो जाती है। नींद पूरी करने के बावजूद यदि थकान महसूस हो तथा मन बोझिल हो तो इसका सीधा अर्थ है कि आप तनाव में हैं। कई बार घर का वातावरण सामंजस्यपूर्ण नहीं होता है। अगर आपका मन तनाव में रहता है तो आपका शरीर कैसे स्वस्थ रह सकता है। कई शारीरिक समस्याओं की वजह भी तनाव हो सकता है। इसलिए यदि हम अपने मन को स्वस्थ रखेंगे तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। यदि आप हर तरह की चिंता त्यागकर जिएंगे, तो खूब जिएंगे। अगर चिंता में डूबे रहेंगे तो निश्चित तौर पर आप तनाव में रहेंगे तथा आपकी आयु भी प्रभावित होगी। इसलिए अपने आपको हर प्रकार की चिंताओं से मुक्त करने की कोशिश करें। पूरी तरह चिंता मुक्त होकर जीने की आदत डालें और इसे जीवन-शैली के रूप में अपनाएं। सत्संग करें, संतों के सान्निध्य में बैठें। उनसे ज्ञान प्राप्त करें और उस ज्ञान को अपने आचरण का अभिन्न अंग बनाएं। इसके साथ ही सुमिरन करें, क्योंकि सुमिरन के जरिए भी चिंता और तनाव से मुक्ति मिल सकती है। अब प्रश्न यह उठता है कि चिंताग्रस्त मन सुमिरन किस तरह कर सकता है। मन को चिंतामुक्त करने की एक अनोखी विधि है योगनिद्रा। योगाभ्यास प्रायः जाग्रत अवस्था में ही किया जाता है। योगाभ्यास की यह विशेष विधि लेटकर की जाती है। आप या तो जागते हैं या फिर गहरी नींद में सो जाते हैं। योगनिद्रा में आप पूर्णतः जाग्रत होते हुए भी शरीर और मन पर गहरी नींद के तमाम लक्षण अनुभव कर पाते हैं। योगनिद्रा शरीर को संपूर्ण विश्राम देकर पूरी तरह शिथिल कर देती है। यह हमें मानसिक और भावनात्मक विश्राम भी प्रदान करती है। योग निद्रा में सोना नहीं, जागना होता है। हमें पूरी तरह सजग और सचेत रहना होता है।

## संपादकीय

# गुस्सा सही लेकिन निशाना गलत

पहलगाम आतंकी हमले और उसमें जान गंवाने वालों के परिजनों का दुख समूचा देश महसूस कर रहा है और आतंकियों के खिलाफ सबमें आक्रोश है। सभी यही चाहते हैं कि आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मगर व्यापक स्तर पर ऐसी भावनाएं अगर अनियंत्रित होने लगें और उसकी मार ऐसे लोगों पर पड़ने लगे, जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना न हो, तो वाजिब दुख और



आक्रोश की दिशा भटक जाना स्वाभाविक है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आक्रोश के नतीजे में एक अफसोसनाक प्रतिक्रिया यह देखी गई कि कई जगहों पर बिना किसी वजह के मुसलिम पहचान वाले लोगों को उनका नाम पूछ कर निशाना बनाया गया, उनके साथ मार-पीट गई या उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचाया गया। यह न केवल भावुकता के दिशाहीन हो जाने का सबूत, बल्कि देश की कानून-व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती भी है। सवाल है कि क्या इस तरह की प्रतिक्रिया देश की लोकतांत्रिक परंपरा के सामने चुनौती नहीं खड़ी कर रही है। पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने अपने पति के लिए न्याय और आतंकियों के लिए सजा सुनिश्चित करने की मांग जरूर की है, लेकिन उन्होंने सिर्फ आक्रोश की वजह से निर्दोष लोगों को



निशाना बनाने और नफरत भरे बयान देने की प्रवृत्ति पर अपनी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और मुसलमानों या कश्मीरियों को निशाना न बनाने तथा सिर्फ शांति की अपील की। अपने ऊपर दुख का पहाड़ टूटने के बावजूद उन्होंने जिस तरह अपनी संवेदना और अपने धैर्य को संतुलित बनाए रखा, वह मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी आस्था को दर्शाती है। जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दशक से आतंकवादियों ने जो किया है, उसका मुकम्मल और ठोस हल निकालने की जरूरत है, चाहे इसके लिए कानूनी दायरे में हर स्तर पर सख्ती बरतनी पड़े। मगर आतंकियों की हरकतों की प्रतिक्रिया में अगर आम लोग उत्तेजना में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अराजक होने लगें, तो यह न केवल मानवीय संवेदनाओं और मूल्यों के विपरीत होगा, बल्कि देश के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और सौहार्द की परंपरा को भी नुकसान पहुंचाएगा। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# मुश्किले खड़ी करता पाक

पहलगाम में आतंकी हमलाकर पाकिस्तान ने किस तरह भारत में रह रहे, सगे-संबंधियों से मिलने आए अथवा उपचार करा रहे अपने नागरिकों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी, यह इससे पता चलता है कि ऐसे लोगों के वीजा रद होने के बाद उसकी ओर से उन्हें लेने में आनाकानी करना । उसने ऐसे लोगों के लिए एक दिन अपना गेट बंद रखा। जो भारतीय पाकिस्तान में रह रहे, उन्हें भी भारत लौटने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उनकी संख्या कहीं कम है। भारत में तो ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों की गिनती करना और उन्हें खोजना भी कठिन हो रहा है, जो भारत आए थे। इनमें से कुछ तो वर्षों और यहां तक कि दशकों से रह रहे थे। कई तो वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी रह रहे थे। कुछ ऐसे भी निकले, जो भारत में भारतीयों जैसी सुविधाएं पा रहे थे और तो और वोट भी डाल रहे थे । आखिर ऐसा कैसे हो गया? समस्या केवल यह नहीं कि पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजना कठिन हो रहा है। समस्या यह भी है कि भारत में जन्मीं तमाम महिलाएं ऐसी हैं, जिनका विवाह पाकिस्तान में हुआ, लेकिन उन्हें वहां की नागरिकता नहीं मिली या उन्होंने ली ही नहीं। इनमें से कुछ ऐसी हैं, जिनके बच्चों को वहां की नागरिकता मिली हुई है। ऐसे बच्चे तो लौट पा रहे हैं, लेकिन माताएं नहीं। भारत को ऐसे जतन करने होंगे कि ऐसी महिलाएं बच्चों के साथ लौट सकें। पाकिस्तान ने जो मानवीय संकट खड़ा किया, उसका संज्ञान लेकर भारत ने उनके लौटने की समय सीमा बढ़ाकर ठीक किया, लेकिन यह भी समझना होगा कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी यहां रह रहे पाकिस्तानी नागरिक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। इसलिए और भी, क्योंकि ऐसे कई पाकिस्तानी मिल नहीं रहे। कुछ ने तो छल-छद्म से भारतीय पहचान हासिल कर ली है। ऐसे भी प्रकरण हैं कि पाकिस्तानी महिला ने ऐसे भारतीय पुरुष से विवाह



किया, जो सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील पद पर है। साफ है कि या तो आवश्यक नियम-कानूनों का अभाव है या फिर उनकी अनदेखी हो रही है। इसे भूला न जाए कि अतीत में कई पाकिस्तानी नागरिक भारत आए और फिर वे यहीं कहीं गुम हो गए । सामान्य स्थितियों में दोनों देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहेगा और उनके प्रति नरमी बरतनी होगी, लेकिन भारत को यह तो देखना होगा कि ऐसा कुछ न हो, जो सुरक्षा के लिए खतरा बने । बात केवल वीजा लेकर आए पाकिस्तानी नागरिकों की नहीं, अवैध बांग्लादेशियों की भी है। अकेले गुजरात में वे हजारों की संख्या में पाए गए। वह सही समय है भारत अपने वीजा नियमों को दुरुस्त करे और एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के बारे में भी विचार करे।

# तीर्थंकर बालक आदिनाथ का बड़े धूम-धाम से मनाया जन्मोत्सव





## जैन मंदिर मांग्यावास में चल रहा भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुनिसुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर मांग्यावास में चल रहे भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में दिनांक 3 मई 2025 को तीर्थंकर बालक आदिनाथ का जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम और हर्षोल्लास से मनाया। मीडिया प्रभारी जिनेश कुमार जैन ने बताया की मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश जैन सोगानी, मंत्री दिनेश गंगवाल, प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारीयों एवं समाज सृष्टियों ने तीर्थंकर बालक आदिनाथ का पालना झूलाकर एवं महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर बड़े ही धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। इससे पूर्व संध्या में संगीतकार पुखराज एंड पार्टी कोटा एवं कलाकार सुभाष एंड पार्टी महुआ दोसा के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें सोधर्म इंद्र का दरबार लगना, माता मरु देवी को 16 सपने आना एवं अष्ट कुमारीयो द्वारा माता की सेवा सुश्रुवा करना और धनपति कुबेर द्वारा रत्नों की वर्षा करना बहुत ही मनमोहक दृश्य लग रहा था मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह कोई वेदी प्रतिष्ठा ना होकर विशाल पंचकल्याण महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा हो। रात्रि में देर तक भी पंडाल पूरा खचाखच भरा हुआ था सभी समाज बंधु हरषोउल्लासित थे। दिनांक 4 मई 2025 को विश्व शांति महानुष्ठान कर प्रतिष्ठाचार्य विमल कुमार जी बेनेठा वालों के सानिध्य में सभी जिन बिंबों को नवनिर्मित वेदियों में विराजमान कर दिया जाएगा तत्पश्चात समस्त मांग्यावास जैन समाज एवं आगंतुक अतिथियो का वात्सल्य भोजन कार्यक्रम स्थल चोपड़ा पैराडाइज में होगा।

# सक्षम संगठन द्वारा सूरदास जयंती मनाई



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। स्थानीय सक्षम संगठन भीलवाड़ा शाखा द्वारा सूरदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष महावीर शर्मा ने सक्षम द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमो के बारे में जानकारी दी। दिव्यांग सेवा केंद्र अध्यक्ष सुभाष जैन ने दिव्यांग मित्र योजना की कार्य योजना बताई। सचिव शिव कुमार वैष्णव ने सूरदास जी का जीवन परिचय बताया। इस अवसर पर बसंत भंडारी, कमलेश खोईवाल , संजय पंचोली,माया राठौड़,राधेश्याम माली ने भजन प्रस्तुत किए। राजेंद्र कुमार पारीक, प्रियतम कंवर, वीरेंद्र सिंह,आदि उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष सूर्य कुमार बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांत सचिव चैतन्य प्रकाश पारीक ने किया।

DOLPHIN WATERPROOFING
आधुनिक टेक्नोलॉजी से छत को रखे वाटरप्रूफ, हीटप्रूफ, वेदर प्रूफ पायें सीलन, लीकेज एवं गर्मी से राहत व बिजली के बिल में भारी बचत करें।
छत व दीवारों का बिना तोड़फोड़ के सीलन का निवारण
For Your New & Old Construction
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

RAJENDRA JAIN
Dr. Fixit Authorised Project Applicator
Mo. 80036-14691
116/194, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

# स्वर्गीय सुजानमल जी गोधा एवं कमला देवी गोधा की पुण्यस्मृति में श्रमण संस्कृति छात्रावास में छात्रों को भोजन करवाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अश्वनी मधु गोधा नेमीसागर कॉलोनी निवासी द्वारा श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर छात्रावास में रह रहे छात्रों को प्रातः काल का भोजन करवाया गया। शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका ने बताया कि यह आयोजन स्वर्गीय श्री सुजानमल जी गोधा की पुण्य तिथि पर किया गया था। इस अवसर पर अनिल-उर्मिला पाटनी, पदम् -पुष्पा जैन, सुशील-मंजू जैन, कमलेश-उषा जैन, अवनीश-सुनीता जैन, सुरेंद्र-निर्मला ठोलिया एवं श्रमण संस्कृति संस्थान के महामंत्री सुरेश कासलीवाल अन्य ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# बेगस जैन मंदिर का वार्षिक मेला आज 4 मई को



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर शहर के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में स्थित अतिशयकारी देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बेगस का 14वां वार्षिक मेला रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित होगा। कार्यकारिणी सदस्य जयकुमार जैन-बड़जात्या के अनुसार इस अवसर पर जिनेन्द्र अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजन, ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, शांतिनाथ विधान मण्डल पूजन, अतिथि सम्मान, कलशाभिषेक और माल आदि के धार्मिक कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ संपन्न होंगे। मंदिर समिति के महामंत्री सुरेश छाबड़ा ने बताया कि 466 वर्ष से अधिक प्राचीन यह मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है। अध्यक्ष पूनम चन्द ठोलिया ने अवगत कराया कि वार्षिक मेले के इस पावन अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री लालचन्द कटारिया की गौरवमयी उपस्थिति भी रहेगी। कार्यकारिणी सदस्य जयकुमार जैन-बड़जात्या ने बताया कि अभिषेक, शांति धारा एवं विधान पूजन का कार्यक्रम विधानाचार्य पंडित प्रद्युम्न कुमार शास्त्री के निर्देशन में संपन्न होगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव में जयपुर शहर सहित आसपास के कस्बों एवं ग्रामों से सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु बेगस आकर शांतिनाथ भगवान को शीश नवाएंगे। बड़जात्या ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जयपुर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों से श्रद्धालुओं के आने के लिए बसों की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।






॥ श्री मुनिसुव्रतनाथाय नमः ॥
॥ श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः ॥
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर
26, शिव वाटिका, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
श्रीमद् जिनेन्द्र
जिनबिम्ब वेदी प्रतिष्ठा
भव्य रथयात्रा, जाप्यानुष्ठान एवं विश्व शांति महानुष्ठान
शुक्रवार, 2 मई से रविवार, 4 मई 2025
कार्यक्रम स्थल
चौपड़ा पैराडाईज, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान
अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, अर्हं ध्यान योगप्रणेता,
मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज
प्रतिष्ठाचार्य
पं. श्री विमल कुमार जी बनेठा
जयपुर
वास्तु विद
श्री राजकुमार जी कोठ्यारी
जयपुर
श्रमणी गणिनी आर्यिकारत्न 105
गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी
वात्सल्य आमंत्रण
धर्मानुरागी बन्धुवर,
सादर जयजिनेन्द्र !
जयपुर-मानसरोवर की एकदम भव्य कॉलोनी-मांग्यावास में वृहद श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सुस्थापित है। जहां नव निर्मित 4 वेदियों की प्रतिष्ठा समारोह विधि विधानपूर्वक प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री विमल कुमार जी जैन बनेठा, जयपुर के निर्देशन में सम्पादित की जा रही है।
अतः आपसे अनुरोध है कि प्रभावनापूर्वक आयोजित होने वाले इस समारोह में सभी जन अवश्य पधारें।
सभी आगन्तुक महानुभावों व सम्भागियों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।
समारोह की क्षणिकायें
शुक्रवार, 2 मई 2025
प्रातः 6.15 बजे - जिनेन्द्र अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य निमंत्रण
प्रातः 7.15 बजे - ध्वजारोहण (मंदिर में)
प्रातः 8.00 बजे - भव्य रथयात्रा, मंगल घटयात्रा (मंदिर जी से विधान मंडप तक)
प्रातः 9.15 बजे - ध्वजारोहण (विधान मंडप पर) मंडप शुद्धि, मंडप उद्घाटन
चित्र अनावरण, मंगल कलश स्थापना, दीप प्रज्ज्वलन आदि
प्रातः 10.00 बजे - वेदी शुद्धि-संस्कार, वास्तु विधि जाप्यानुष्ठान (मंदिरजी में)
मध्याह्न 1.00 बजे - सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा एवं वासुपूज्य विधान पूजन
सायं 7.15 बजे - आरती, शास्त्र सभा
सायं 8.15 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रम- इन्द्र दरबार, प्रश्नोत्तर-तत्त्वचर्चा आदि
शनिवार, 3 मई 2025
प्रातः 6.15 बजे - जिनाभिषेक-शांतिधारा, जाप्यानुष्ठान, नित्यमह पूजन
मध्याह्न 1.15 बजे - यागमंडल विधान पूजन
सायं 7.15 बजे - आरती-शास्त्र सभा
सायं 8.15 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रम- इन्द्र दरबार
रविवार, 4 मई 2025
प्रातः 6.15 बजे से - जिनाभिषेक-शांतिधारा, सभी जिन बिम्बों का मस्तकाभिषेक, नित्यमह व विनायक यंत्र पूजन, जाप्यानुष्ठान का समापन, विश्व शांति यज्ञ (हवन शांति), आभार प्रदर्शन एवं नवीन वेदियों में जिन बिम्ब विराजमान
संगीतकार
श्री पुखराज एण्ड पार्टी, कोटा
कलाकार
सुभाष एण्ड पार्टी, महुआ (दौसा)
सौधर्म इन्द्र
धनपति कुबेर
महायज्ञनायक
ईशान इन्द्र
सानत इन्द्र
माहेन्द्र इन्द्र
ब्रह्म इन्द्र
ब्रह्मोत्तर इन्द्र
लान्तव इन्द्र
कापिष्ठ इन्द्र
शुक्र इन्द्र
महाशुक्र इन्द्र
विशिष्ट अतिथि
ध्वजारोहणकर्ता
वेदी एवं मूर्ति पुण्यार्जक
मूर्ति पुण्यार्जक
चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलनकर्ता
मंडप उद्घाटनकर्ता
अष्ट कुमारियाँ
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति - 26, शिव वाटिका, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
प्रकाशचन्द जैन
अध्यक्ष
9829058946
सुधीर कुमार जैन
उपाध्यक्ष
9414034008
प्रदीप कुमार जैन
कोषाध्यक्ष
9653789711
नीरज कुमार जैन
मंदिर व्यवस्थापक
9351409490
विमल कुमार जैन
सहमंत्री
9829471395
महेश दोशी
सांस्कृतिक मंत्री
9672042670
संजय जैन
संगठन मंत्री
8209983479
दिनेश कुमार गंगवाल
मंत्री
9829082283
कार्यकारिणी सदस्यगण
श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन महिला मण्डल
26, शिव वाटिका, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
नोट : कार्यक्रम में पधारे सभी साधर्मी बन्धुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई है।
निवेदक-सकल दिगम्बर जैन समाज, माँग्यावास

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ससंघ बद्रीनाथ धाम में हुआ मंगल प्रवेश



**बद्रीनाथ. शाबाश इंडिया**

अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ससंघ पहुंचे बद्रीनाथ धाम । आज उभय मासोपवासी साधना महोदधि प.पू. अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज, उपाध्याय श्री 108 पियूष सागर जी महाराज अंतर्मना गुरुदेव ससंघ का अष्टापद बद्रीनाथ में हुआ भव्य अति भव्य मंगलमय प्रवेश। भीषण ठंडी बर्फ से घिरे पर्वत नदियों से बहता नीर चारों ओर प्रवाहित होती शीतल पवन खड़े पहाड़ो में बीचे दुर्गम रास्तो में उपवास के पश्चात 12 किलोमीटर का कठिन पदविहार करते हुए एवं दोपहर में 3 किलोमीटर बर्फ से ढके पर्वत की खड़ी चढाई चढ़ कर किये चरण वंदना जो की अपने आप में अदभुत है। हनुमान चट्टी जिला चमोली उत्तराखंड प्रातः पूजन दीप आराधना हुई संपन्न ।श्री दिगम्बर जैन मंदिर जिला चमोली में ससंघ की निर्विघिन संपन्न हुई आहारचार्य।



आदिनाथ आध्यात्मिक फाउंडेशन अष्टापद बद्रीनाथ जिला चमोली उत्तराखंड अंतर्मना गुरुभक्त परिवार के द्वारा अष्टद्रव के सहित से संपन्न हुई। गुरुपूजन आदिनाथ आध्यात्मिक फाउंडेशन अष्टापद बद्रीनाथ जिला चमोली उत्तराखंड अलकनंदा नदी के किनारे संपन्न संध्या गुरुभाक्ति प्रवचन मंगल आरती आदिनाथ आध्यात्मिक फाउंडेशन अष्टा पद जिला चमोली उत्तराखंड में आहारचर्या में होंगी। अन्तर्मना ने प्रवचन में कहा कि इस दुनिया में सफल होने का सबसे अच्छा तरीका है.. उस सलाह पर काम करना, जो आप दूसरों को देते हैं..! एक बार दो आदमी लड़ रहे थे, एक ने कहा - अगर मेरा एक भी घुंसा पड़ गया तो पूरी बत्तीसी बाहर आ जाएगी,, दूसरा कब तक चुप रहने वाला था, उसने कहा - अच्छा ! मेरी बत्तीसी बाहर आ जाएगी, अरे वाह ! अगर मेरा एक ही घुसा पड़ गया तो पूरे 64 दांत बाहर आ जाएंगे। पास में खड़े आदमी ने कहा - भैया 32 दांत बाहर आने की बात तो समझ में आती है लेकिन 64 दांत वाली बात समझ में नहीं आई, तो दूसरे आदमी ने कहा - मुझे पहले ही पता था,कि तू बीच में जरुर बोलेगा इसलिए 32 इसके और 32 तेरे, हो गए ना 64 ।आदमी घुसपैठ करता है। घुसपैठ से होने वाले दुष्परिणामों को भोगता भी है लेकिन इसके बावजूद भी इनसे कोई सबक नहीं लेता। जिंदगी में साक्षित्व की साधना आवश्यक है। सजगता पूर्वक देखना ही साक्षित्व है। दुकान पर रखी मिठाइयां देखना अपराध नहीं है। मिठाई के डिब्बे में हाथ डालना अपराध है। आदमी केवल देखें, सिर्फ देखें और जाने तो बहुत सी झंझटे अपने आप खत्म हो जाये...!!! **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# रत्नत्रय महिला जागृति संघ ने अक्षय तृतीया अन्न दान का आयोजन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




रत्नत्रय महिला जागृति संघ ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष में एवं गुरुवार श्रम दिवस के अवसर पर गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक भव्य अन्नदान कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। संस्थापिकाओं शालू बाकलीवाल, प्रियंका पाटनी, सुमन जैन, पूनम सेठी, सरिता जैन, रेखा पाटनी के मार्गदर्शन में संघ की महिलाओं ने गरीब, मजदूर और कच्ची बस्ती के लोगों को भोजन, फल, मिठाई, आटा, दाल, तेल आदि वितरित किया। इस नेक कार्य में आकांशा जैन, श्वेता बाकलीवाल, सुधा बाकलीवाल, वर्षा जैन, श्वेता अजमेरा, शिल्पी जैन, रेनू जैन, मंजू जैन, रश्मि जैन, संगीता जैन आदि सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सक्रिय भूमिका निभाई। विनोद पाटनी, अक्षय खेड़लीवाल एवम भागचंद जैन के विशेष सहयोग के लिए संघ हृदय से आभारी है। रत्नत्रय महिला जागृति संघ ने इस मानवीय पहल को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य समय और सहयोग देने वाली सभी सदस्याओं और उदार दानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। संघ की संस्थापिकाओं ने कहा कि यह कार्यक्रम आपसी सहयोग और सेवाभाव का उत्कृष्ट उदाहरण है और संघ भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संघ में भारत में रहने वाली सभी जैन महिलाएं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संघ से जुड़ सकती हैं। साथ ही सभी नागरिकों से विनम्र अपील की हैं कि वे भी अपनी क्षमतानुसार गरीबों और असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आएं। हमारे द्वारा किया गया छोटा सा प्रयास भी किसी के जीवन में खुशियाँ ला सकता है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com





# समर पूल पार्टी और मूवी का उठाया आनंद




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गर्मियों में पूल पार्टी बच्चों को ऊर्जा देने का सबसे उत्तम माध्यम है। इसी को ध्यान में रखते हुए सांगानेर स्थित आदिनाथ पब्लिक स्कूल में 03 मई 2025, शनिवार को कक्षा नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन किया। इस तपती गर्मी में ठंडक का अहसास कराने वाली इस कूल - कूल - पूल पार्टी का सभी बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। अपनी अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में सभी ने जमकर मस्ती की । संगीत की मधुर धुन पर थिरकते हुए जल-क्रीड़ा का लुत्फ उठाया तथा अनेक प्रकार के गेम्स का भी आनंद लिया। ''नो बैग डे'' की सार्थकता को सिद्ध करते हुए इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणात्मक मूवी ''मैं हूं कलाम'' दिखाई गई , जिसका सभी बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। समस्त कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, सभी के चेहरों पर खुशी ही खुशी छलक रही थी। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ पवना शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के शारीरिक , मानसिक और बौद्धिक कौशल को सक्रिय एवं मजबूत करती हैं तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि समय - समय पर विद्यालय में बच्चों के मनोरंजन हेतु इस तरह की एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता रहेगा ।










# नेट-थियेट पर काया तिर जासी कार्यक्रम

## जब दर पर तुम्हारे ही अदमो का ठिकाना हो सांवरिया भजन ने भक्ति रंग जमाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज काया तिर जासी कार्यक्रम में कलाकार रतनलाल गठरिया ने भजनों की रस गंगा से आनंदित किया। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार रतन लाल ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत थारो जन्म मरण रो से की। इसके बाद उन्होंने भजन राम ने भजे सा मन म्हारा लोभी राम ने भजे सा काया तिर जासी को बड़े ही सरीले अंदाज में सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध किया। उसके बाद उन्होंने सुप्रसिद्ध भजन जब दर पर तुम्हारे ही अदमो का ठिकाना हो फिर मेरी ही किस्मत में क्यों रंज उठाना हो और भरोसे थाके चाली जी सतगुरु म्हारी नाव भजन को बड़े ही मनोयोग से गाकर अपनी गायिकी का परिचय दिया। इनके साथ तबले पर बरकत अली ने संगत कर भजन संध्या को ऊंचाइयां दी। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी,प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के तहत शस्त्र और शास्त्र का पूजन हुआ!

## भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे: पं. सुरेश मिश्रा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर पूरे प्रदेश में कहीं शोभा यात्रा और पूजा अर्चना के अनेक आयोजन किये जा रहे है। समारोह में आज जयपुर में शस्त्र और शास्त्र पूजन विद्याधर नगर में आयोजित हुआ। जिसमें बडी संख्या में विप्र जनों ने भाग लिया। युवा प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि समारोह में आज राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के सानिध्य में भगवान परशुराम जी के शस्त्र और शास्त्र पूजन किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने उपस्थित ब्राह्मण जनों को शपथ दिलाई की हम सब ''सर्वजन सुखाय'' ''सर्वजन हिताय'' की भावना के साथ काम करेंगे और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की मदद करेंगे । भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए ब्राह्मण समाज का योगदान सर्वोपरि रहेगा। परशुराम विष्णु के अवतार हैं और मातृ और पितृ भक्ति के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। इन्होंने आतंकियों का नाश करने का संकल्प लिया और जब-जब आतंकियों ने आतंक फैलाया तो उनका समुल नाश किया। मिश्रा ने कहा है कि भगवान परशुराम ना केवल ब्राह्मणों के आराध्य है यह तो पहले वो व्यक्ति थे जिन्होंने आतंक के खिलाफ फरसा उठाया। वे शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शस्त्र और शास्त्र की जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री अजीत मण्डन, सर्व ब्राह्मण महासभा के आचार्य राजेश्वर, योग गुरु ढाकाराम, जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, शहर अदक्ष्य अनिल सारस्वत, पंडित पवन शास्त्री, श्याम शास्त्री ,अरुण शर्मा , हरेन्द्र पाल सिंह , सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा एवं की जीव दया परिवार की ओर से तीन पिकअप घास गौशाला में भेजी



**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

नौगामा जिला बांसवाड़ा। नोगामा महावीर इंटरनेशनल शाखा नोगामा एवं जीव दया परिवार की ओर से आज नौगामा एवं बालावाड़ा गांव में घास संग्रह कर बागीदौरा गौशाला में भेजी गई । इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि गत एक माह से नोगामा एवं आसपास के गाँवो से जहां भी किसानों द्वारा घास उपलब्ध करवाई जा रही है उन्हें शाखा के वीर सदस्य के सहयोग से गौशाला में भेजी जा रही है । इस भीषण गर्मी को देखते हुए महावीर इंटरनेशनल के द्वारा पशु पक्षियों के लिए चिन्हित स्थानों पर पानी की टंकीया रखवाई गई है जहां पर ग्रामीणों व जीव दया प्रेमी सदस्यो के सहयोग से प्रतिदिन पानी की टंकियां भरवाई जा रही है । इस भीषण गर्मी को देखते हुए आसमान में उड़ने वाले प्यासे पक्षियों के लिए परिंडे वितरित किया जा रहे हैं एवं प्रमुख स्थानों पर बांधे जा रहे हैं। जीव दया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोरी ने कहा कि जीव दया के कार्यो मे समस्त जीव दया प्रेमी सदस्यो का सहयोग प्रत्येक दिन मील रहा है। इस अवसर पर जीव दया परिवार अध्यक्ष आशीष पंचोरी सचिव कैलाश पंचोरी कोषाध्यक्ष मोहनलाल पंचोरी दिनेश चरपोटा विनोद दौसी आदि ने सहयोग प्रदान किया ग्रामीण भीमाबाई गारी, मुकेश पटेल बालावाड़ा, भीमा भाई बामनिया, अक्षय राज पटेल जिन्होंने घास उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान किया उनका महावीर इंटरनेशनल की ओर से स्थल पर महावीर इंटरनेशनल का दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया गया, सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि आगामी दिनो में विभिन्न गांव में जाकर परिंडे वितरण किए जाएंगे एवं ग्रामीणों से भी निवेदन किया गया है कि इस भीषण को गर्मी को देखते हुए अपने घरों के बाहर पक्षियों के लिए एवं पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करें।

# भारतीय जैन मिलन एवं जैन पाठशाला का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया



**राघौगढ़. शाबाश इंडिया**

जैन समाज की गौरवशाली संस्था भारतीय जैन मिलन का 60 वां स्थापना दिवस एवं आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला का 22 वां स्थापना दिवस जैन मिलन परिवार राघौगढ़ के तत्वावधान में समारोह पूर्वक मनाया गया। भारतीय जैन मिलन के निवर्तमान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने कहा भारतीय जैन मिलन की स्थापना 2 मई 1966 को देहरादून में हुई थी। पिछले 59 वर्ष में इस संस्था ने जैन समाज की एकता के लिए प्रयास किए हैं। धार्मिक परमार्थिक एवं समाजसेवी गतिविधियों में भी भारतीय जैन मिलन का सक्रिय योगदान रहा है। आज देश में संस्था की 1450 शाखाएं हैं जिनमें 450 महिला शाखाएं एवं 50 युवा शाखाएं संचालित है। जैन मिलन राघौगढ़ के मंत्री विकास कुमार जैन ने बताया राघौगढ़ नगर में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि प्रशांत सागर जी, निर्वेग सागर जी की प्रेरणा एवं पावन सानिध्य में गत 2 मई 2004 को आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला का शुभारंभ हुआ। पिछले 21 वर्षों से पाठशाला के माध्यम से जैन समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों को धार्मिक एवं संस्कारों की शिक्षा जारी है। आपने कहा पाठशाला में संचालिकाएं यहां निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रही है।